फीडर बसें एक्वा, ब्लू और मजेंटा लाइन के मेट्रो स्टेशनों से जुड़ीं

स्थानीय लोगों की मांग पर एनएमआरसी ने दी सुविधा

अमर उजाला ब्यूरो

नोएडा। नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच एक्वा लाइन, मजेंटा और ब्लू लाइन के कई स्टेशनों को एनएमआरसी की फीडर बसें जोड़ रहीं हैं। इस बाबत स्थानीय लोगों ने मांग की थी। इसके बाद एनएमआरसी ने छह रूटों को ब्लू, मजेंटा और एक्वा लाइन से जोड़ा है।

एनएमआरसी की डीजीएम संध्या शर्मा ने बताया कि एनएमआरसी की रूट नंबर 317 की बस ब्लू और मजेंटा लाइन की बोटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन से एक्वा लाइन के सेक्टर-142 स्टेशन को जोड़ रही है। यह रूट एक्वा लाइन के सेक्टर-142 और सेक्टर-137 स्टेशन के अलावा डीएमआरसी के ब्लू और मजेंटा लाइन के सेक्टर-18, ओखला बर्ड सेंक्च्यूरी और बोटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन को जोड़ रही है। इसी तरह से रूट नंबर 103 ए ग्रेनो के मेट्रो डिपो स्टेशन, ग्रेनो प्राधिकरण, अल्फा-1, परी चौक, नॉलेज पार्क-2, सेक्टर-142 को बोटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन को जोड़ रही है। वहीं

एनएमआरसी की फीडर बसें छह रुटों से ब्लू और एक्वा लाइन के मेट्रो स्टेशनों से जुड़ीं

103 बी दूसरी तरफ का रूट होगा। हालांकि यह बस ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण तक ही जाएगी।

एनएमआरसी का रूट नंबर 103 सी बोटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन से परी चौक होते हुए शारदा यूनिवर्सिटी तक जा रहा है। यह नॉलेज पार्क-2 मेट्रो स्टेशन को भी छू रहा है। रूट नंबर 108 डीएमआरसी के बोटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन से एक्वा लाइन के एनएसईजेड और परी चौक मेट्रो स्टेशन होती हुई जा रहा है। इसके अलावा रूट नंबर 109 बोटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन से सूरजपुर होते हुए दादरी रेलवे स्टेशन तक जा रहा है। यह कई मेट्रो स्टेशनों से कनेक्ट हो रहा है। इसके अलावा एक्वा लाइन के सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन और ब्लू लाइन के सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन को 10 ई-रिक्शा से जोड़ा गया है। यहां ई-रिक्शा निशुल्क चलाई जा रही है।